जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 अंक-38 जयपुर, सोमवार, 11 अक्टूबर, 2021 वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) पृष्ठ संख्या 4

### कोयला संकट को देखते हुए प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की समीक्षा

# बिजली बचत को बढ़ावा देने के लिए चलाएं जागरूकता अभियान-मुख्यमंत्री


जयपुर (नि.सं.)। मानसून में हुई बारिश से कोयला खदानों में पानी भर जाने के कारण पूरे उत्तर भारत में पिछले कुछ दिनों से कोयला उपलब्धता के संकट को देखते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक में बिजली की पर्याप्त उपलब्धता की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोयला खदानों में पानी भरने से उपजे इस संकट के कारण प्रदेश में थर्मल पॉवर प्लांट्स की कुछ इकाइयां अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रही हैं। ऐसे में आमजन को बिजली बचत के लिए जागरूक किया जाए। गहलोत ने कहा कि बिजली संकट के कारण ग्रिड में बिजली की कमी है। पवन ऊर्जा प्लांट्स से भी स्थापित क्षमता से कम बिजली मिल रही है। देश में गहराये कोयला संकट एवं पर्याप्त कोयला नहीं मिलने से थर्मल पावर प्लांट से बिजली उत्पादन क्षमता में आई कमी के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए ताकि बिजली की बचत के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आगामी दिनों में बिजली की मांग एवं उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति के संबंध में कार्य योजना बनाएं। विद्युत संकट को देखते हुए उन्होंने उपभोक्ताओं से बिजली बचत के तरीके अपनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा विभाग के अधिकारी छत्तीसगढ़ जाकर वहां स्थित कोल ब्लॉक्स में कोयले की वर्तमान उपलब्धता एवं प्रदेश की जरूरत के मुताबिक पर्याप्त कोयला उपलब्ध हो इसकी निरन्तर मॉनिटरिंग करें।



## बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए थर्मल पॉवर प्लांट्स का कार्यशील रहना जरूरी

उन्होंने केन्द्रीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पर्याप्त मात्रा में कोयला रैक की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा ताकि हमारे थर्मल पॉवर प्लांट्स का सुचारू संचालन हो सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को जरूरत के अनुसार बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए थर्मल पॉवर प्लांट्स का कार्यशील रहना जरूरी है। बैठक में ऊर्जा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने बताया कि केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री से बातचीत के दौरान उनसे प्रदेश को आवंटित कोटे के अनुरूप कोयला प्रतिदिन उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। डॉ. कल्ला ने बताया कि केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने केन्द्रीय कोयला मंत्री एवं कोयले की उपलब्धता की मॉनिटरिंग के लिए बनाए उप-समूह से चर्चा कर राजस्थान को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया है। चेयरमैन डिस्कॉम्स भास्कर ए सावंत ने बिजली आपूर्ति की वर्तमान स्थिति पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि मौसम में हुए परिवर्तन से गर्मी एवं उमस बढ़ी है। ऐसे में दोपहर 3 बजे बाद बिजली की मांग काफी बढ़ गई है। आज की स्थिति में प्रतिदिन औसत मांग 12500 मेगावाट की है, जबकि औसत उपलब्धता 8500 मेगावाट ही है। प्रदेश में 4 अक्टूबर के बाद से बिजली का उपभोग बढ़ा है, लेकिन थर्मल पॉवर प्लांट्स के पूरी क्षमता से काम नहीं करने के कारण उपलब्धता घट रही है। मांग एवं उपलब्धता में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से रात्रि 12 बजे तक 2500 मेगावाट से अधिक का अंतर आ गया है। ऐसे में पिछले दो दिन से मजबूरीवश रोस्टर से बिजली कटौती की जा रही है। जिन क्षेत्रों में कटौती हो रही है, उसके बारे में लोगों को समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## चौमूं में चार नए उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने पर पूर्व विधायक सैनी ने मुख्यमंत्री गहलोत व चिकित्सा मंत्री का जताया आभार



चौमूं (हमारा वतन) पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने चौमूं विधानसभा क्षेत्र में चार नए उप स्वास्थ्य केन्द्र बगड़ी, बाड़ावाली, जोड़ला की ढाणी व दौलतपुरा में खोले जाने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा का आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि चौमूं विधानसभा क्षेत्र में चार नए उप स्वास्थ्य केंद्र खुलने से वहां के ग्रामवासियों को प्राथमिक उपचार गांव की गांव में मिल जाएगा एवं ग्रामवासियों को मौसमी व छोटी बीमारियों का ईलाज उप स्वास्थ्य केंद्र पर हो जाएगा।

## मुकेश चौपडा बने जिला उपाध्यक्ष



चौमूं (हमारा वतन) भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता मुकेश चौपडा को भाजपा ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष (जयपुर देहात उत्तर) नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर मुकेश चौपडा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, चौमूँ विधायक रामलाल शर्मा, जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र शर्मा एवं ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव यादव का आभार जताया है। जिले के कार्यकर्ताओं मुकेश रोज, दिनेश गोरा, अभिजीत बराला, कानाराम यादव, त्रिलोक लोछिब, पवन चोपड़ा, अर्जुन यादव, गजेंद्र भोमाका ने शुभकामनाएं दी।

## जयपुर जिले के एडीआर भवन का लोकार्पण हुआ

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महानगर प्रथम, द्वितीय व जयपुर जिला के बनीपार्क स्थित एडीआर भवन का 9 अक्टूबर (शनिवार) को 9.30 बजे लोकार्पण हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष यू. यू. ललित होंगे।

## पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डा. त्रिलोक सोनी हुए सम्मानित



उत्तराखंड (हमारा वतन) नरेंद्र नगर वन प्रभाग टिहरी द्वारा मुनिकीरेती में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावर संरक्षण, संवर्द्धन, वृहद पौधरोपण, जंगलों में आगजनी घटनाओं को रोकने, पानी के जलस्त्रोतों को बचाने, वन्यजीवों की सुरक्षा करने तथा जन जन को जागरूक व प्रेरित करने के क्षेत्र में सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य करने पर उत्तराखंड में वृक्षमित्र के नाम से मशहूर डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को प्रभागीय वनाधिकारी धर्म सिंह मीणा ने शॉल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

आपको बता दें की डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी पेशे से अध्यापक हैं और राजकीय इण्टर कालेज मरोडा सकलाना में प्रवक्ता भूगोल के पद पर कार्यरत हैं। ये पर्यावरण संरक्षण के ऐसे रंग में रंगे है जिनके सिर की टोपी से पॉव के जूते तक, पूरे हरे हो गए। ये उत्तराखंड ही नही पूरे भारत का अकेला ऐसा शख्स होगा जो हरे वस्त्र धारण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है। अगर उन्हें हरित पुरुष भी कहा जाय तो कोई अतिश्योक्ति नही होगी। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी द्वारा शुरु किया गया पौधा उपहार में देने व जन्मदिन पर पौधे लगाने की परंपरा आज समाज में दिखने लगा है। यह डॉ सोनी की तीस सालों की मेहनत, त्याग व समर्पण हैं तथा डीएफओ व उप प्रभागीय वनाधिकारी को एक एक पौधा उपहार में भेंट किया।

प्रभागीय वनाधिकारी धर्म सिंह मीणा ने जंगलों की हिफाजत करने व वन्यजीवों से मानव की सुरक्षा के लिए कर्मचारियों की सराहना की और मानव वन्यजीव संघर्ष को न्यून करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन दरोगा, वन आरक्षी, आर.आर.टी., दैनिक श्रमिक, वाहन चालक, स्थानीय लोगों व पर्यावरण एवं जन जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर 15 लोगो को सम्मानित किया। इस दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी मनमोहन सिंह बिष्ट, वन क्षेत्राधिकारी बुद्धि प्रकाश, जुगलकिशोर चौहान, देवेंद्र पुंडीर वन दरोगा रामस्वरूप बिजल्वाण, अमित सकलानी, हीरासिंह पंवार, बसुंधरा परमार आदि मौजूद रहे।

## आरएएस,पटवारी अभ्यर्थियों के लिए भी फ्री यात्रा

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (RAS), स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा व पटवारी भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी भी बसों में मुफ्त सफर कर सकेंगे। राजस्थान रोडवेज की बसों में यह सुविधा उपलब्ध होगी। इससे पूर्व सरकार ने REET अभ्यर्थियों के लिए निजी और सरकारी बसों में फ्री यात्रा की सुविधा मुहैया कराई थी।

राजस्थान रोडवेज से जारी आदेशों के मुताबिक, सभी जिलों में स्थित बस डिपो के चीफ मैनेजरों को आदेश दिए गए हैं कि परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए बसों के फेरे बढ़ाए जाएं। बसों की सर्विसिंग भी करा ली जाए। ताकि किसी तरह की कोई तकनीकी खराबी न हो। 27 अक्टूबर को RAS भर्ती परीक्षा प्री का एग्जाम है। इसी तरह, पटवारी भर्ती की परीक्षा 23 और 24 अक्टूबर को और स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा 29 से 31 अक्टूबर तक है। इन सभी पेपर्स से एक दिन पहले और पेपर खत्म होने के अगले दिन तक परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स रोडवेज बसों में फ्री सफर कर सकते हैं। यह फ्री सफर परीक्षा देने के लिए अपने गृह जिले से परीक्षा केन्द्र तक जाने और परीक्षा देकर



लौटने के लिए ही केवल एक बार होगा। पटवारी भर्ती परीक्षा में 5378 पदों के लिए सबसे ज्यादा आवेदन आए हैं। इस परीक्षा के लिए पूरे राज्य में 15.50 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। धौलपुर, अलवर में पंचायत चुनाव के चलते यह परीक्षा नहीं होगी। इसके लिए अलग से डेट जारी की जाएगी। इसके कारण इन दो दिन रोडवेज बसों में सबसे ज्यादा भीड़ रहने की संभावना है।





## डॉ.शिखा मील ने दी निःसंतान दंपत्ति को खुशियां

# डॉ. शिखा मील ने अपने सेवाकाल के 10 साल किए पूर्ण निःसंतान डॉ. दंपत्ति के हुई दो जुड़वा बेटियां

### ● दंपति ने किया डॉ. शिखा मील का सम्मान

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं शहर के राधास्वामी बाग स्थित सबसे बड़े बराला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में कार्यरत डॉ. शिखा मील ने एक बार फिर चहुँओर से निराश निःसंतान दंपति को खुशियां दी हैं । जानकारी के अनुसार खेतड़ी निवासी डॉ .अमर सिंह चौधरी आईआईएल में नॉर्थ इंडिया मैनेजर के पद पर कार्यरत है , जो 15 साल से निःसंतानता का बोझ झेल रहे थे । डॉक्टर अमर सिंह ने बताया कि हमने जयपुर, जालंधर और बीकानेर में 15 साल तक जाने-माने चिकित्सकों से इलाज लिया लेकिन वहां भी निराशा ही हाथ लगी ।

एक दिन हम बराला हॉस्पिटल में आए और अपनी परेशानी डॉ. शिखा मील को बताई । डॉक्टर से मिलने के बाद 3 महीने का ट्रीटमेंट दिया और इस दौरान हमें उम्मीद की किरण नजर आने लगी । किसी ने सच ही कहा है की भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं । ऊपरवाला देता है तो छप्पर फाड़कर देता है ! यही बात हमारे साथ हुई और आज हमारे एक नहीं दो जुड़वा बच्चों का जन्म हुआ है । हम तो जिंदगी भर डॉ.शिखा मील जी का एहसान नहीं भूलेंगे । यह तो भगवान की ही कृपा है की कहां तो हम एक बच्चे के लिए तड़प रहे थे और आज हमें दो - दो जुड़वा बच्चियां प्रदान की हैं । बच्चियों की मां सुमित्रा और दादा शीशपाल ने भी डॉ.शिखा मील और ईश्वर को बारंबार धन्यवाद दिया । इस दौरान डॉ. शिखा मील ने कहा की हमारा काम किसी भी मरीज को 100 प्रतिशत सही तरीके से ट्रीटमेंट देना है । हमें भी खुशी होती है जब किसी के यहां किलकारियां गूंजती है और हमारा ट्रीटमेंट सफल होता है । ये सब ईश्वर की कृपा है । हमें खुशी होती है कि किसी की निराशा को हम दूर कर पाए। गौरतलब है कि आईवीएफ ,निःसंतानता और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शिखा मील को बराला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सेवाएं देते हुए 10 साल पूर्ण हो गए है । अब तक सैकड़ों निःसंतान दंपतियों को मातृत्व का सुख प्रदान किया है ।



## अनाथ बच्चों को अब महाविद्यालयों में भी मिलेगी निशुल्क शिक्षा

जयपुर (नि.सं.)। राज्य सरकार कोविड-19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को अब सरकारी विद्यालयों के साथ-साथ प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में भी निःशुल्क शिक्षा एवं कॉलेज छात्रावासों में निःशुल्क प्रवेश प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में संवेदनशील निर्णय करते हुए ऐसे 306 विद्यार्थियों को राजकीय महाविद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा तथा छात्रावासों में निःशुल्क प्रवेश दिए जाने की मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना के तहत कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों को कक्षा-12 तक सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा एवं आवासीय विद्यालय छात्रावासों में निःशुल्क प्रवेश देने का प्रावधान था। अब इसका दायरा बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने ऐसे बच्चों को राजकीय महाविद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा तथा सरकारी कॉलेज छात्रावासों में निःशुल्क प्रवेश देने का भी निर्णय किया है।

## भारतीय अमेरिकी श्री सैनी ने जीता

# मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का खिताब

वाशिंगटन (हमारा वतन) भारतीय मूल की श्री सैनी ने मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का खिताब अपने नाम कर लिया है । इस खिताब को जीतने वाली वह पहली भारतीय अमेरिकी बन गई है । उन्हें मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का ताज मिस वर्ल्ड 2017 डायना हेडन और मिस वर्ल्ड कनाडा 2013 तान्या ने अपने हाथों से पहनाया । मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का ताजपोशी समारोह लॉस एंजिल्स में आयोजित किया गया ।




श्री सैनी इस वक्त अमेरिका के वाशिंगटन में रहती है और एमडब्ल्यूए नेशनल ब्यूटी विद ए पर्पस एंबेसडर भी हैं । वाशिंगटन में रहते हुए वह लोगों की मदद भी करती आ रही है । उन्होंने दिल की बीमारी से जुड़े कई काम किए हैं । 12 साल की उम्र में सैनी को दिल की बीमारी के कारण पेसमेकर लगाना पड़ा था । इतना ही नहीं एक्सीडेंट में उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई थी, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और आज उन्होंने इतने बड़े सम्मान को अपने नाम कर लिया है ।

मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का खिताब जीतने के बाद श्री सैनी ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं और नर्वस भी हूं ! मैं अपनी फीलिंग को शब्दों में बयां नहीं कर सकती हूं । मेरी जीत का श्रेय अपने माता-पिता को देना चाहूंगी । खासतौर पर मेरी मां जिन्होंने मुझे हमेशा सपोर्ट किया है और मैं मिस वर्ल्ड अमेरिका को इस सम्मान के लिए शुक्रिया अदा करना चाहूंगी । वही अबोहर में श्री सैनी के नाना - नानी टी आर सचदेवा और विजयलक्ष्मी ने कहा कि हमें उस पर गर्व है एक सपना सच हो गया।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि श्री सैनी का जन्म 6 जनवरी 1996 को लुधियाना में हुआ था । जब वह 5 साल की थी तब वह यूएस में शिफ्ट हो गई । जिसके बाद उनकी सारी पढ़ाई अमेरिका में ही हुई । मिस वर्ल्ड अमेरिका का खिताब जीतने से पहले श्री सैनी ने कई और ब्यूटी पेजेंट्स को जीता है । मिस वर्ल्ड अमेरिका 2019 में भी उन्होंने काफी अच्छी टक्कर दी थी ,लेकिन मेडिकल इमरजेंसी के कारण वह प्रतियोगिता को पूरा नहीं कर पाई थी ।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन और वरिष्ठजन सप्ताह मनाया

उत्तराखंड (हमारा वतन) राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली, नारसन, रुड़की जनपद हरिद्वार के शिक्षक और पर्यावरण मित्र अशोक पाल सिंह द्वारा बिझौली ग्राम पंचायत में वृद्धजन और वरिष्ठ जन व्यक्तियों को शाल और एक पौधा देकर सम्मानित किया ।अशोक पाल सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन सप्ताह 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मनाया गया, जिसमें कुल 5 व्यक्तियों का सम्मान किया गया । साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया । इस दौरान मेनपाल, शमशाद ,मोहम्मद मुस्तकीम ,धर्मपाल, सुरजीत सिंह आदि का सम्मान किया गया ।



# लखीमपुर खीरी मामले के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होः प्रजापति

जयपुर (हमारा वतन) आम आदमी पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं के विधायक पद प्रत्याशी रहे एडवोकेट पवन कुमार प्रजापति ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी मामले में अब तक गुनहगारों को हत्या के आरोप में गिरफ्तारी नहीं हुई है । आखिरकार पीड़ित किसान परिवारों को कैसे न्याय मिलेगा ।



जिस प्रकार से भारत में कानून व्यवस्था चौपट होती जा रही है ,देश के लिए बड़ा चिंता का विषय है । किसान अपनी मांगों के लिए आंदोलन कर रहे हैं, जिनके ऊपर गाड़ी चढ़ा दी जाती है । बेरहमी से मार डाला जाता है। जिसमें अब तक किसान आंदोलन में 600 से ज्यादा मौतें हो चुकी है । यह कौन सा भारत देश है ,जिसकी कल्पना किसी भी देशवासी ने नहीं की थी ।

जिस प्रकार से देश के अंदर हिंसा, अराजकता का माहौल हो रहा है । हर आदमी का कानून व न्याय से विश्वास उठता जा रहा है । जब पीड़ित परिवार से कोई मिलने जाता है तो उनको मिलने नहीं दिया जाता । ऐसे भारत देश की कल्पना किसी देशवासियों ने नहीं की थी । किसानों के ऊपर गाड़ी चढ़ा देने वाला वीडियो एक हृदय विदारक घटना है । जिसका पीड़ित परिवार को न्याय मिलना जरूरी है । ऐसे में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनता के ऊपर तानाशाही मनमर्जी कर रही है । पार्टी के सभी कार्यकर्ता पीड़ित किसान परिवारों के लिए न्याय की मांग करते हैं ।

## ट्रैक पर लौट रही देश की इकोनॉमी, त्योहारी सीजन में बूस्ट की उम्मीद

नई दिल्ली। उद्योग मंडल फिक्की के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, फिच रेटिंग्स ने देश की जीडीपी ग्रोथ अनुमान को कम कर दिया है। हालांकि, फिच ने भी माना है कि देश की इकोनॉमी पटरी पर है।

## जॉब्स

1. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद असिस्टेंट फायर ऑफिसर और फायरमैन, पद संख्या 629, अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2021
2. फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफ एस एस ए आई), पद असिस्टेंट व अन्य, पद संख्या 255, अंतिम तिथि 7 नवंबर 2021
3. इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (आईबीपीएस) पद क्लर्क, पद संख्या 7855, अंतिम तिथि 27 अक्टूबर 2021
4. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पद पीओ, पद संख्या 2056, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2021
5. हिमाचल प्रदेश पुलिस,पद कॉन्स्टेबल और ड्राइवर, पद संख्या 1334, अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2021
6.स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद विभिन्न, पद संख्या 3200, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2021
7. भारतीय डाक विभाग जम्मू कश्मीर, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 266, अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2021
8. ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 2206, अंतिम तिथि 5 नवंबर 2021

# बॉलिवुड में भी जलवे दिखा चुकी हैं कुमकुम भाग्य फेम Reyhna Malhotra जीशान खान को कर रहीं डेट

बिग बॉस ओटीटी में नजर आए जीशान खान ने हाल ही रेहाना मल्होत्रा संग अपने रिलेशनशिप को कन्फर्म किया, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर ऐक्ट्रेस की चर्चा हो रही है। यहां जानें रेहाना के बारे में सबकुछ और देखिए उनकी बोल्ड तस्वीरें रेहाना मल्होत्रा, जिन्हें फैन्स रेहाना पंडित के नाम से भी जानते हैं, कुमकुम भाग्य में नजर आ रही हैं। रेहाना पंडित, निया शर्मा की बेस्ट फ्रेंड हैं और टीवी की बोल्ड ऐक्ट्रेसेस में शामिल हैं।





**इंस्टाग्राम पर जबर फॉलोइंग**-वह सोशल मीडिया पर खूब ऐक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर अपनी दिलकश तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। खबर लिखे जाने तक रेहाना पंडित के इंस्टाग्राम पर 740k फॉलोअर्स हैं।

**2014 में ऐक्टिंग डेब्यू**-रेहाना पंडित ने अपने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2014 में की थी। उनका पहला टीवी शो जमाई राजा था। इसी शो में काम करते हुए उनकी दोस्ती निया शर्मा से हुई। आज निया और रिहाना बेस्ट फ्रेंड्स हैं।

**इन टीवी शोज में किया काम**-इसके बाद रेहाना ने कई टीवी शोज किए, जिनमें इश्कबाज, इच्छाधारी नागिन, दिल बोले ओबेरॉय, इस प्यार को क्या नाम दूं 3, वो अपना सा, मनमोहिनी और कुमकुम भाग्य शामिल हैं।

**फिल्मों में दिखाए जलवे**-रेहाना पंडित ने टीवी के अलावा बड़े पर्दे पर भी अपनी ऐक्टिंग के जलवे दिखाए हैं। उन्होंने साल 2014 में बब्लू हैपी है फिल्म से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वह 2016 द एंड और तान्हाजी- द अनसंग वॉरियर में भी नजर आईं।

**साउथ में भी किया काम**-बॉलिवुड के अलावा रेहाना पंडित एक तेलुगु फिल्म में भी काम कर चुकी हैं। साथ ही वह कुछ म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं।

**निया शर्मा संग लिप लॉक पर विवाद**-रेहाना पंडित कुछ विवादों को लेकर भी चर्चा में रहीं।

# कंधें मजबूत बनाने के लिए इन व्यायामों को करें अपने फिटनेस रूटीन में शामिल

कमजोर और जकड़े हुए कंधे आपको परेशान कर सकते हैं। हम यहां आपके लिए कुछ ऐसे व्यायाम लेकर आए हैं, जो आपके कंधों की स्टिफनेस दूर कर उन्हें मजबूत बनाएंगे।क्या आपने कभी अपने कंधों में जकड़न या दर्द महसूस किया है? यदि हां, तो यह कंधे की बुरी मोबिलिटी के कारण हो सकता हैं। यदि आपको मजबूत और गतिशील कंधे का महत्व नहीं पता हैं, तो हम आपको बता दें कि शोल्डर जॉइंट्स आपके शरीर के सबसे कॉम्प्लेक्स जॉइंट्स हैं। यदि आपके कंधे टाइट हैं, तो यह आपके लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। आप जानते हैं कि कंधे की समस्याएं बहुत आम हैं, लेकिन आप यह नहीं जानते कि कुछ सरल आर्म वॉर्म-अप और रोटेटर कफ वॉर्म-अप करने से इनसे राहत मिल सकती हैं। इसके अलावा कंधों के व्यायाम उन्हें मजबूत करते हैं और दर्द से छुटकारा भी दिलाते हैं।

**क्या हैं मजबूत और फ्लेक्सिबल कंधों के लिए व्यायाम?**

**1. क्रॉस आर्म स्ट्रेच**- अपने दाहिने हाथ को अपनी छाती के पार रखें। अब अपने दाहिने ऊपरी बांह को धीरे से अपने शरीर के करीब खींचने के लिए अपने बाएं हाथ का प्रयोग करें।5 से 10 सेकंड के लिए रुकें और आराम करें। दूसरी तरफ दोहराएं।

**2. लो बैक हैंडक्लस्प**-हाथों को अपनी पीठ के पीछे ले आएं, अंगूठे जमीन की ओर रखें और हथेलियों को मिला लें। आपके हाथ आपकी पीठ के निचले हिस्से के साथ भी जुड़े होने चाहिए। अब कंधे के ब्लेड्स को एक साथ लाएं और अपने पीठ को नीचे झुकते हुए एक आर्क बना लें। 10 सेकंड के लिए रुकें।

**3. शोल्डर रोल**-रीड को सीध रखते हुए खड़े रहें।

**नोट**-इस एक्सरसाइज को आप बैठते समय सही पोस्चर बनाकर भी कर सकते हैं। अपने कंधों को ऊपर, पीछे और नीचे रोल करें। इस मूवमेंट को 10 बार करें। अब अपने कंधों को ऊपर, आगे और नीचे 10 बार रोल करें।इस मूवमेंट को भी 10 बार दोहराएं।

**4. पेंडुलम स्ट्रेच** -इसके लिए अपनी बाहों को 10-10 बार आगे और पीछे की ओर सर्कल में घुमाएं। अब हाथों को ढील छोड़ कर इसे पुन: 10 बार करें।



**5. काउ फेस पोज** -योगा मैट पर अपनी पीठ सीधी करके बैठें और पैरों को सामने की ओर फैलाएं। अपने पैरों को एक साथ रखें और अपनी हथेलियों को अपने कूल्हों के बगल में रखें। अपने दाहिने पैर को मोड़ें और दाहिने पैर को अपने बाएं हिप्स के नीचे रखें। अब अपने बाएं घुटने को अपने दाहिने घुटने पर रखें। अपने बाएं हाथ को अपने सिर के ऊपर उठाएं, और कोहनी को मोड़ें। इसके साथ ही, दाहिने हाथ को अपनी पीठ के पीछे ले आएं और दोनों हाथों को इंटरलॉक करें। गहरी सांस लें और जब तक आप आराम से रहें तब तक रहें। अब, जैसे ही आप साँस छोड़ते हैं, अपनी बाहों को छोड़ दें। अपने पैरों को सीधा करें और दूसरे पैर के लिए दोहराएं।

## आयुर्वेद के अनुसार
# भूलकर भी न करें दही के साथ इन चीजों का सेवन

क्या आप भी सुबह के नाश्ते में दही और कुछ फ्रुटर्स खाना पसंद करती हैं? या आपका भी फेवरिट ब्रेकफ़ास्ट छोले भटूरे और लस्सी है? अगर हां! तो आप मुश्किल में पड़ सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आयुर्वेद के अनुसार दही को कुछ अन्य फूड्स के साथ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।हम जानते हैं कि दही के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं। ये कैल्शियम, विटामिन बी-2, विटामिन बी-12, मैग्नीशियम और पोटेशियम से भरपूर होता है और प्रोबायोटिक्स का भंडार है। मगर कम ही लोग जानते हैं कि दही को कुछ खाद्य पदार्थों के साथ नहीं मिलाना चाहिए। दही को गलत खाद्य पदार्थ के साथ मिलाना आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

**जानिए इस बारे में क्या कहता है आयुर्वेद**-आयुर्वेद के अनुसार, कुछ फूड कॉम्बिनेशन पाचन तंत्र के सामान्य कामकाज को बाधित करते हैं और दोषों के संतुलन को बिगाड़ते हैं। आयुर्वेद में, तीन मूलभूत दोष हैं ''वात, पित्त और कफ, और अच्छे स्वास्थ्य को इन तीन दोषों के बीच संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है। गलत भोजन संयोजन अपच, पेट फूलने और गैस का कारण बन सकता है।

**1. प्याज के साथ दही**-अगर आप प्याज और दही रायता खाना पसंद करते हैं, तो आपको इस आदत को बदलने की जरूरत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि दही की तासीर ठंडी होती है और प्याज़ की गर्म। इस गर्म और ठंडे के संयोजन से त्वचा की एलर्जी जैसे चकत्ते, एक्जिमा, सोरायसिस और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। तो, दही के साथ प्याज खाने की भूल न करें।






## केकेआर के लिए राहत की खबर
# प्लेऑफ में हो सकती है स्टार ऑलराउंडर ऑंद्रे रसेल की वापसी

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स पिछले कुछ मुकाबलों में अपने स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल के बिना मैदान उतरी है। प्लेऑफ से पहले उनकी चोट को लेकर अपडेट आया है। केकेआर मुख्य सलाहकार डेविड हसी ने कहा कि टीम के चोटिल ऑलराउंडर आंद्रे रसेल के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ तक फिट होने की संभावना है। केकेआर ने गुरुवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 86 रन से बड़ी जीत दर्ज करके प्लेऑफ में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर दी है। उसका मुकाबला सोमवार को एलिमिनेटर में तीसरे स्थान की टीम से होगा। हसी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, उसका (रसेल) बुधवार को फिटनेस टेस्ट हुआ था और मुझे लगता है कि वह जल्द वापसी करेगा। वह प्लेऑफ में खेलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। उसका खेलना केवल हमारे लिए ही नहीं टूर्नामेंट के लिये भी महत्वपूर्ण है। वह विश्वस्तरीय खिलाड़ी है और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करता है।% दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं जबकि केकेआर ने चौथे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की है। उसने लीग चरण में 14 मैचों में 14 अंक के साथ अपने अभियान का अंत किया तथा उसका रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है।

# बिग बैश लीग में एक और भारतीय पहली बार पूनम को मिलेगा इस लीग में खेलने का मौका, कप्तान जेस जोनास बेहद उत्साहित

नई दिल्ली। वुमेंस बिग बैश लीग की शुरूआत 14 अक्टूबर से होने वाली है। भारतीय स्पिनर पूनम यादव को वुमेंस बिग बैश लीग के लिए चुना गया है। खबर आई है कि ब्रिस्बेन हीट ने न्यूजीलैंड की क्रिकेटर अमेलिया केर की जगह पूनम यादव को टीम में शामिल किया है। अमेलिया केर के बाहर होने से ब्रिस्बेन हीट के हेड कोच को दुख हुआ था। हांलाकि, उन्हें उम्मीद है कि पूनम अपना बेस्ट देंगी। भारत के लिए यह गर्व की बात है कि एक और महिला क्रिकेटर को वुमेंस बिग बैश लीग के लिए चुना गया है। पूनम को पहली बार बिग बैश लीग में खेलने का मौका मिलेगा।जब अमेलिया केर टूर्नामेंट से बाहर हुई थीं तब कप्तान जेस जोनासन को विश्वास था कि वो उनके जगह बेहतरीन रिप्लेसमेंट लाएगी। जब पूनम राउत को सेलक्ट किया गया तो जेस जोनासन बेहद उत्साहित हो गई। जेस पूनम के खिलाफ खेल चुकी हैं और अब एक कप्तान के तौर पर पूनम के साथ खेलना उनके लिए बेहद खुशी की बात है।



# ईसीबी को लगा झटका, अध्यक्ष इयान वाटमोर ने इस वजह से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। इयान वाटमोर ने इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। वाटमोर ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान इस भूमिका ने उन पर व्यक्तिगत प्रभाव डाला है। ईसीबी के मुताबिक स्थायी अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक उसके वर्तमान उपाध्यक्ष बैरी ओब्रायन अंतरिम अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालेंगे। वाटमोर ने एक बयान में कहा, मुझे बेहद खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि मैं ईसीबी का अध्यक्ष पद छोड़ रहा हूं। मैं अपनी भलाई और खेल को ध्यान में रखते हुए ऐसा कर रहा हूं जिससे मैं प्यार करता हूं। मुझे कोरोना महामारी के दौरान इस पद पर नियुक्त किया गया था। कोरोना के दौरान समय की मांग हमारी सभी मूल अपेक्षाओं से नाटकीय रूप से भिन्न है, जिसने मुझ पर व्यक्तिगत प्रभाव डाला है। इसके मद्देनजर बोर्ड और मुझे लगता है कि कोरोना महामारी के बाद एक नए अध्यक्ष द्वारा ईसीबी की बेहतर सेवा की जाएगी। मेरे अभी पद छोड़ने से बोर्ड को सीजन के अंत तक 2022 सीजन और उससे आगे की चुनौतियों के बीच क्रिकेट का समर्थन करने के लिए एक नया अध्यक्ष ढूंढ़ने का समय मिलेगा।

# फिट रहना है तो कृति सेनन की तरह पसीना बहाना सीखिए

कृति सेनन ने अपनी आने वाली एक्शन फिल्म गणपत के लिए तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने इससे संबंधित एक वर्कआउट वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर सांझा किया है।वजन बढ़ाने की बात हो, वजन कम करने की बात हो या फिर खुद को टोन करने की, बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन हमेशा अपने वर्कआउट गेम में टॉप पर रहती हैं। मिमी में एक गर्भवती महिला की भूमिका निभाने के बाद, वह अब फिटनेस फ्रीक टाइगर श्रॉफ के साथ गणत नामक एक हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म के लिए तैयारी कर रही है। कहने की जरूरत नहीं है कि इस फिल्म को सफल बनाने के लिए फिटनेस लेवल को बढ़ाने की आवश्यकता होगी !फिल्म की शूटिंग के लिए, कृति जिम में वर्कआउट सेशन के साथ अपना लेवल बढ़ा रहीं हैं। इसमें कई तरह के व्यायाम शामिल हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम के जरिए एक वीडियो साझा किया जिसमें वह एक कठिन लेकिन रोमांचक फिटनेस रूटीन को फॉलो कर रहीं हैं। यह पहली बार नहीं है जब कृति ने अपने वर्कआउट सेशन की एक झलक साझा की है और बताया है कि वह वास्तव में अपनी प्रत्येक फिल्म के लिए खुद को कैसे तैयार करती हैं। इससे पहले, कृति ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें दिखाया गया था कि कैसे उन्होंने मिमी के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया। इस बार, कृति फिल्म के लिए नियमित रूप से वर्कआउट करने की तस्वीरें साझा करती रही हैं।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# सरकारी स्कूलों पर बढ़ता भरोसा



राम गोपाल सैनी

वह नन्ही-सी बच्ची कुछ मिनटों के लिए चौखट पर खड़ी रही। फिर, अंदर आई और जिस मेज पर मैं बैठा था, उसके सहारे खड़ी हो गई। वह अब भी शांत थी। मानो कोई जल्दबाजी नहीं। कक्षा पहले की तरह चलती रही। दो मिनट की चुप्पी के बाद, मैंने उससे पूछा, 'क्या कर रही हो?' 'मैं देख रही हूं।' 'क्या देखा?' 'स्कूल तो चल रहा है, लेकिन खिड़की बंद है।'फिर, चटकदार गुलाबी कपड़े पहने वह बच्ची कक्षा में सबसे आगे चली गई और एक कुरसी पर चढ़ गई, जो उसकी लंबाई के हिसाब के काफी ऊंची थी। जैसे ही शिक्षक की नजर उस पर पड़ी, उन्होंने पूछा, 'मुनीरा, स्कूल क्यों नहीं आई आज?' 'खिड़की बंद, तो मुझे लगा स्कूल बंद, इसलिए देखने आई हूं।'अचानक वह तेजी से बाहर निकली और 10 मिनट में बालों में दो खूबसूरत चोटियां बनाकर व स्कूली यूनीफॉर्म पहनकर स्कूल बैग के साथ वापस लौट आई। उसके चेहरे पर एक लंबी सी मुस्कान थी। वह कक्षा तीन से पांच तक के बच्चों के समूह में घुल-मिल गई, क्योंकि उन सभी बच्चों की एक साथ लगाई जाने वाली कक्षा में ही वह पढ़ती थी।इस सरकारी स्कूल में कक्षा एक से पांच तक में 55 बच्चे हैं और शिक्षक दो। पिछले वर्ष मार्च में जब कोविड की वजह से स्कूल बंद किया गया था, तब यहां 39 छात्र थे। विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है, क्योंकि अब गांव में इस आयु-वर्ग के सभी बच्चों ने इसी स्कूल में दाखिला ले लिया है, जबकि महामारी से पहले कुछ छात्र नजदीक के एक छोटे शहर के दो निजी स्कूलों में भी जाते थे। इन दोनों में से एक स्कूल तो हमेशा के लिए बंद हो गया, जबकि दूसरा चल रहा है, लेकिन ग्रामीणों का उस पर से भरोसा उठ गया है। मैंने जिन-जिन लोगों से बात की, उन सबमें निजी स्कूलों के प्रति अविश्वास व्यापक रूप से दिखा। मैंने बार-बार सुना कि महामारी ने निजी स्कूलों के चरित्र को बेपरदा कर दिया है। यहां मैं उन्हीं भावनाओं का सार परोस रहा हूं।दरअसल, निजी स्कूलों को जिस चीज की सबसे अधिक चिंता सता रही है, वह है फीस। पिछले 18 महीने के दौरान, उन्होंने बच्चों को व्यस्त रखने के अलावा कुछ और नहीं किया। इसके विपरीत, सरकारी स्कूलों के कई शिक्षक बच्चों के घर पर या गांव के चौपाल पर पहुंचे। कुछ तो नियमित रूप से ऐसा करते रहे। फिर भी, निजी स्कूल फीस मांगते रहे। कुछ ने जैसे-तैसे ऑनलाइन शिक्षण की व्यवस्था शुरू की, लेकिन उन्हें भी पता है कि जब तक यह व्यवस्था अधिकांश बच्चों की पहुंच में नहीं हो, कारगर नहीं होगी।

# मेहर फ़ाउंडेशन ने सफलतापूर्वक 2 वर्ष पूरे किए



जयपुर (हमारा वतन) मेहर फाउंडेशन के 2 वर्ष पूरे होने पर मेहर फाउंडेशन ने अनेक कार्य किये । फाउंडर परवीन खान ने बताया की स्थापना दिवस पर हम सब ने मिल कर कच्ची बस्तियों में बच्चो को कॉपी - किताब दी ताकि वो घर मै थोड़ा पढ़ सके । हमारी कोशिश है कि उनके लिए पढ़ाई का इंतजाम कराएंगे । इस दौरान बच्चो को मिठाई भी दी । जिन लोगों को खाना भी नहीं मिल पता उनको हमारा फाउंडेशन रोज खाना पहुंचाता है ।फाउंडेशन द्वारा भट्टा बस्ती स्थित एक कैंसर परिवार को मेहर फाउंडेशन काफ़ी समय से राशन सामग्री देता आ रहा है । तो उन्होंने कहा कि आप हमें कोई रोजगार खुलवा दीजिये । हमने फल फ्रुटर्स का रोजगार खुलवाया । आप सभी से अपील करती है की आप सभी ज़रूरतमंदो की मदद करे । हमारा मकसद है क़ोई भूखा ना सोये । इस दौरान आदिल खान, दीपेंद्र सिंह राव,इमरान खान, साबिर खान, जावेद खान, शाहीन खान अजमत खान, ताहिर खान आदि लोग मौजूद रहे ।

## सांवलिया सेठ को चांदी का आईफोन भेंटःदान पेटी में करीब 5 करोड़ कैश मिला

चित्तौड़गढ़ (वि.सं.)। राजस्थान के मेवाड़ के कृष्ण धाम श्री सांवलियाजी में मंगलवार को कृष्ण चतुर्दशी के दिन मंदिर की दानपेटी खोली गई। तो इसमें 4.93 करोड़ रुपए नकदी और सोने-चांदी के कई सामान मिले। नोटों की गिनती आज भी होगी। दान पेटी में नोटों के अलावा चांदी से बना एक आईफोन भी मिला है।

भक्तों ने अपनी मन्नतों की पर्ची भी सांवलिया सेठ को दी हैं। मन्नत पूरी होने पर भक्त श्रद्धा से भेंट भी चढ़ाते हैं। मंदिर समिति की ओर से हर महीने दानपेटी खोली जाती है। इसके बाद रुपयों की गिनती में 6 से 10 दिन तक का समय लग जाता है। पिछले महीने दानपेटी में 7.39 करोड़ का चढ़ावा आया था। कृष्ण चतुर्दशी पर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट बंद रहे, अब इन्हें गुरुवार को खोला जाएगा। श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल अध्यक्ष कन्हैया दास वैष्णव ने बताया कि राजभोग आरती के बाद सुबह 11.30 बजे भंडारा खोला गया फिर शाम तक दान पात्र के रुपयों की गिनती की गई। भंडारे से 4 करोड़ 93 लाख 14 हजार रुपए मिले हैं।

# जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल में बिना ऑपरेशन रीड की हड्डी का सफल इलाज



चौमूं (हमारा वतन) शहर के जयपुर रोड गणेश विहार द्वितीय में स्थित जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल में रीड की हड्डी में L4 L5 L5 S1 की समस्या व स्लिप डिस्क की समस्या का बिना ऑपरेशन सफल इलाज किया गया है ।

हॉस्पिटल निदेशक डॉक्टर आर के सैनी ने बताया कि रेनवाल रोड चौमूं निवासी मालीराम कुमावत पुत्र कालूराम कुमावत के कई दिनों से रीढ़ की हड्डी ,कमर में ,पैरों में तीव्र दर्द एवं झनझनाहट थी ,जिसकी वजह से ठीक से खड़े होने व चलने फिरने, उठने बैठने में भी समस्या हो रही थी । चौमूं और जयपुर के कई डॉक्टरों को दिखाने पर कई दिनों तक दवाइयां लेनी पड़ी, फिर भी आराम नहीं आया तो डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी । फिर इनको जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल के बारे में पत्रिकाओं एवं न्यूज़ के माध्यम से पता चला तो यह हॉस्पिटल में आए एवं 15 दिन तक न्यूरोफिजियो आयुर्वेदिक थेरेपी द्वारा इलाज लिया । जिसके बाद मरीज अब बिल्कुल ठीक है और अपना दैनिक कार्य ठीक से कर पा रहे हैं ।डॉक्टर सैनी ने बताया कि इलाज में डॉक्टर अमन, दीपक ,राहुल, सोनिया ,सरिता, मेघा ,बंटी आदि स्टाफ का सहयोग रहा तथा यह थैरेपिया लकवा बच्चों की जन्मजात नहीं चलने की समस्या घुटना ,कमर, गर्दन ,जोड़ों के दर्द, में बहुत कारगर है ।

# महेश गुर्जरगौड़ बाय वाले का हुआ जयपुर में विशेष सम्मान



जयपुर (हमारा वतन) अखिल भारतवर्षीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवम् महर्षि गौतम समाज वैवाहिक सेवा संस्था जयपुर के प्रधान सेवक रवि शंकर शर्मा के द्वारा विजय भवन चौड़ा रास्ता जयपुर में आयोजित सामाजिक उत्थान विचार विमर्श संगोष्ठी कार्यक्रम में महर्षि गौतम गुर्जरगौड़ ब्राह्मण विकास समिति चौमूं के उपाध्यक्ष महेश गुर्जरगौड़ (बाय वाले) का निस्वार्थ भाव से समाज उत्थान एवं सेवा भाव से समाज के प्रति कार्य करने पर इस कार्यक्रम में विशेष सम्मान करते हुए महर्षि गौतम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महिला महासभा कि उपाध्यक्षा श्रीमती विजय कांता शर्मा, आमेर यूनिट के मुख्य कार्यकर्ता अमित पंचोली और समिति एवम् संस्था के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# दिनेश सैनी बने तहसील युवा अध्यक्ष



चौमूं (हमारा वतन) चौमूं तहसील के वार्ड नं 23, भोजलावा स्थित जादमों की बड़ी ढाणी, निवासी दिनेश सैनी (जादम) को अखिल भारतीय कुशवाहा (सैनी) महासभा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गजानंद सैनी द्वारा तहसील युवा अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है । दिनेश सैनी को यह पद कड़ी मेहनत, जिम्मेदारी ,ईमानदारी, त्याग, समर्पण ,संगठनात्मक क्षमता और समाज के प्रति संवेदनशीलता के कारण दिया गया है ।

गौरतलब है कि दिनेश सैनी वर्तमान में राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के महासचिव के पद पर कार्यरत है ।

**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा